**पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ**

**प्रेस-विज्ञप्ति**

**विभिन्न थाना क्षेत्रों से वांछित में कुल 08 अभियुक्त गिरफ्तार।**

**दिनांक- 25.08.2023**

**दिनांक 24/25.08.2023 को रात्रि थाना मड़ियांव 02, थाना सरोजनीनगर 04, थाना दुबग्गा 01, थाना काकोरी 01 अभियुक्त गिरफ्तार। इस प्रकार वांछित में कुल 08 तथा थाना कैन्ट 02, थाना नगराम 02, थाना निगोंहा 04 अभियुक्त गिरफ्तार। इस प्रकार वारन्टी में कुल 08 अभियुक्त गिरफ्तार।**

**डी0सी0पी0दक्षिणी**

**अवैध शराब के साथ गिरफ्तार।**

**थाना नगराम**-दिनांक 24.08.2023 को एस0आई0 श्री गौरीशंकर यादव थाना नगराम द्वारा दौराने गस्त मय हमराही फोर्स के अभियुक्त 01- राममिलन पुत्र राम औतार निवासी ग्राम मितौली थाना नगराम जनपद लखनऊ 02- राजेश कुमार पुत्र रघुवीर निवासी ग्राम मितौली थाना नगराम जनपद लखनऊ को मितौली नहर पुल से 50 मीटर पहले बृहद ग्राम मितौली थाना नगराम लखनऊ से गिरफ्तार किया गया, जिनके कब्जे से एक-एक अदद प्लास्टिक की पिपिया में 10-10 ली0 अवैध कच्ची शराब बरामद कर थाना नगराम पर अभियोग पंजीकृत किया गया।

**भा0द0वि0**

**थाना गाजीपुर(चोरी)**-दिनांक 25.08.2023 को थाना गाजीपुर द्वारा बताया गया कि वादी श्री अर्जुन देव भारती पुत्र श्री बोहल लाल निवासी 19/172 रिंग रोड सेक्टर 19 इन्दिरानगर थाना गाजीपुर लखनऊ ने थाना गाजीपुर पर सूचना दिया कि दिनांक 19.08.2023 को वादी व वादी का परिवार गौतमबुद्धनगर गया था। जब वादी दिनांक 23.08.2023 को रात्रि 10.15 बजे वापस गौतमबुद्धनगर से इन्दिरानगर थाना गाजीपुर लखनऊ आया तो देखा कि वादी के उपरोक्त घर (जिसमें वादी कई वर्षों से किराये पर रह रहा था) का ताला तोड़कर अज्ञात चोर द्वारा वादी के घर में आलमारी का लॉक तोड़कर सोने व चांदी के जेवरात एवं 10,000/-रूपये नगदी को चोरी कर लिया गया है। **इस सूचना पर थाना गाजीपुर पर मु0अ0सं0 378/2023 धारा 457/380 भादवि का अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।**

**थाना मोहनलालगंज(फांसी)**-दिनांक 25.08.2023 को थाना मोहनलालगंज द्वारा बताया गया कि होरी लाल पुत्र स्व0 शीतला प्रसाद निवासी पुरसेनी थाना मोहनलालगंज लखनऊ ने थाना मोहनलालगंज पर सूचना दिया कि दिनांक 25.08.2023 को समय करीब 06.00 बजे सुबह में उनकी पत्नी मनीषा अपनी पुत्री कुमारी ज्योति उम्र 15 वर्ष को ऊपर वाले कमरे में जगाने के लिए गई तो देखा कि उनकी पुत्री कुमारी ज्योति ने साड़ी के टुकड़े का फंदा बनाकर कमरे की छत के कुण्डे से फांसी लगा कर आत्महत्या कर लिया है। जिससे उसकी मृत्यु हो गयी है। **इस सूचना पर एस0आई0 श्री विकास कुमार मो0नं0 9838990810 थाना मोहनलालगंज द्वारा आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।** जिनके द्वारा बताया गया कि मृतका जगत नरायण इण्टर कॉलेज निगोहां में कक्षा 10 की छात्रा थी। मृतका के पिता मजदूरी करते हैं।

**थाना बीकेटी(फौती)**-दिनांक 25.08.2023 को थाना बीकेटी द्वारा बताया गया कि वार्ड ब्वाय राजकुमार 100 शैय्या अस्पताल साढामऊ बीकेटी ने थाना बीकेटी आकर एक किता मेमो दाखिल किया कि दिनांक 24.08.2023 को समय करीब 05.55 बजे शाम को सलमान पुत्र सुभान निवासी ग्राम भवली थाना बीकेटी लखनऊ ने सुभान उम्र 50 वर्ष को मृत अवस्था में अस्पताल लाया गया, जिसका शव मॉर्चरी में रखा दिया गया है। **इस सूचना पर एस0आई0 श्री अरुण कुमार मो0नं0 8299517474 थाना बीकेटी द्वारा आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।** जिनके द्वारा बताया गया कि सुभान उपरोक्त की छत की ढलाई के बाद नीचे उतरते समय बिजली के खुले तार के सम्पर्क में आने से मृत्यु हो गई। मृतक राजगीर का कार्य करता था। मृतक के 02 पुत्र व 02 पुत्रियां हैं।